महत्वपूर्ण/समयबद्ध

कम्प्यूटर परिपत्र सं0– 2122036

पत्रांक– एस0एस0– पंजीयन अभियान/2020–21/ 826 **/वाणिज्य कर**

कार्यालयःकमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0।

(संख्या अनुभाग)

लखनऊ : दिनांकः 1 नवम्बर, 2021

समस्त

जोनल एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर

एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2 (वि0अनु0शा0/अपील) वाणिज्य कर

ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्यपालक/वि0अनु0शा0) वाणिज्य कर एवं

कर निर्धारण/प्रवर्तन अधिकारी वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रान्त के अन्दर व्यापारिक गतिविधियाँ संचालित करने वाले व्यापारियों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से अधिकाधिक व्यापारियों का जी0एस0टी0 पंजीकरण कराये जाने के निर्देश दिये गये है। इस हेतु अभियान चलाकर प्रदेश के जीएसटी पंजीकरण योग्य/इच्छुक व्यापारियों को जीएसटी में पंजीकृत कराते हुये जीएसटी डीलर बेस 25 लाख किये जाने का लक्ष्य रखा गया है।

विभाग द्वारा व्यापारियों के **पंजीयन को गति** प्रदान करने के लिए एक नया फील्ड विजिट ऐप **UPGST Field Visit App** विकसित किया गया है जो वर्तमान में प्रचलित अभ्युत्थान ऐप **Abhuythan App** को Replace करेगा। **UPGST Field Visit App** का **Demonstration** सभी अधिकारियों के साथ **ऑनलाईन** दि 29.10.2021 को किया गया इससे सभी अधिकारी इस **App** से पूर्णरूप से भिज्ञ हो गये हैं।

प्रदेश में पंजीकरण हेतु **दिनांक 08.11.2021** से **पंजीयन जागरूकता अभियान 2021** प्रारम्भ किया जाता है।

निर्देशित किया जाता है कि सेमिनार, गोष्ठी व कैम्प के माध्यम से **जी0एस0टी0 में पंजीयन के लाभ व मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के लाभ** से अवगत कराते हुये **UPGST Field Visit App** के माध्यम से सर्वेक्षण कार्य कराकर प्रत्येक दशा में वित्तीय वर्ष के वर्षान्त तक प्रदेश के सभी जी0एस0टी0 में पंजीयन योग्य अपंजीकृत व्यापारियों का शतप्रतिशत पंजीयन कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्यपालक) जनपद/अधिक्षेत्र में तैनात मनोरंजन कर निरीक्षकों से मनोरंजन कर सेवा प्रदाता व्यापारियों एवं सेवा क्षेत्र के व्यापारियों का सर्वेक्षण कराकर जीएसटी में पंजीयन योग्य/इच्छुक व्यापारियों का शतप्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करायें। निर्दिष्ट कार्यवाही ऑनलाइन नियमित अपलोड की जाये। प्रत्येक मंगलवार राजस्व संग्रह लक्ष्य पूर्ति एवं अन्य प्रसंगो के साथ पंजीकरण अभियान की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी।

1/11/2021

(मिनिस्ती एस)

कमिश्नर, वाणिज्य कर

उत्तर प्रदेश।